# श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन (SKPF) एवं WINCOMPETE- संयुक्त टेस्ट सीरीज - 2026

**समय: 2:00 घण्टे |** **| अधिकतम अंक: 300**

## विषय:

## टेस्ट संख्या: [02]

### आधुनिक राजस्थान का इतिहास

---

**अभ्यर्थी का नाम:** ________________________________ ___

**अनुक्रमांक (Roll No.):** ________________________________

**परीक्षा केंद्र** ________________________________________

**हस्ताक्षर अभ्यर्थी:** _____________________________ ______

**हस्ताक्षर वीक्षक:** ____________________________________

---

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार विकल्प (A, B, C, D)** दिए गए हैं।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए **3 अंक** निर्धारित हैं।
3. **नकारात्मक अंकन (Negative Marking):** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **1 अंक** काटा जाएगा।
4. OMR उत्तर पत्रक में **पाँच विकल्प (A, B, C, D, E)**में एक का अंकन करना हैं। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो अनिवार्य रूप से **विकल्प 'E'** को अंकित करें।
5. यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न को हल नहीं करता है और विकल्प 'E' को भी अंकित नहीं करता है, तो उस प्रश्न के लिए भी **1/3 भाग (1 अंक) काटा जाएगा**। (नवीनतम RPSC नियम)
6. कच्चे कार्य (Rough work) के लिए स्थान इस पुस्तिका के अंत में दिया गया है।
7. अपने रोल नम्बर और अन्य विवरण केवल निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

# टेस्ट-02: आधुनिक राजस्थान का इतिहास

**प्रश्न 1**: महर्षि दयानन्द सरस्वती के राजस्थान आगमन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. राजस्थान में इनका प्रथम आगमन जून 1865 में करौली रियासत में राजकीय अतिथि के रूप में हुआ था।
2. इन्होंने अपने कालजयी ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' के द्वितीय संस्करण का अधिकांश भाग उदयपुर प्रवास के दौरान लिखा।
3. जोधपुर के महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय के समय इन्हें विष दिया गया, जिसके बाद इनका निर्वाण अजमेर में हुआ। उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 2: कथन (A):** स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अजमेर में 'वैदिक यंत्रालय' (Vedic Press) की स्थापना की थी।*

**कारण (R):** वे चाहते थे कि वैदिक साहित्य और 'सत्यार्थ प्रकाश' जैसे ग्रंथों का मुद्रण सुलभ हो और उनके विचारों का प्रसार व्यापक स्तर पर हो सके।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 3: कथन:** महर्षि दयानन्द सरस्वती ने राजस्थान की रियासतों में 'स्वधर्म', 'स्वदेशी' और 'स्वराज्य' का मंत्र फूँका।*

**निष्कर्ष 1:** दयानन्द सरस्वती के विचारों ने राजस्थान में केवल धार्मिक सुधार ही नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक चेतना का भी बीजारोपण किया।

**निष्कर्ष 2:** उनके स्वराज्य के विचार ने भविष्य में होने वाले प्रजामंडल और किसान आंदोलनों के लिए वैचारिक आधार तैयार किया।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 4:** राजस्थान के सामाजिक पुनर्जागरण से संबंधित संस्थाओं और उनके स्थापना केंद्रों के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) परोपकारिणी सभा - उदयपुर

B) आर्य समाज (प्रथम शाखा) - अजमेर

C) वैदिक यंत्रालय - जोधपुर

D) सम्प सभा - सिरोही

**प्रश्न 5:** हरविलास शारदा और 'शारदा एक्ट' (1929) के प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर कानूनी अंकुश लगाना था।
2. इस कानून के तहत विवाह के लिए लड़कों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़कियों की 14 वर्ष निर्धारित की गई।
3. हरविलास शारदा ने 'हिंदू सुपीरियरिटी' नामक पुस्तक लिखकर भारतीय सांस्कृतिक आत्मविश्वास को बढ़ाया। सही विकल्प का चयन कीजिए:

A) केवल 1 और 2

B) केवल 1 और 3

C) केवल 2 और 3

D) 1, 2 और 3

wincompete

**प्रश्न 6: कथन (A):** राजस्थान में ब्रह्म समाज की तुलना में आर्य समाज अधिक सफल रहा और इसका प्रसार अधिक व्यापक हुआ।*

**कारण (R):** आर्य समाज का 'वेदों की ओर लौटो' का नारा राजस्थान की स्थानीय सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं के अधिक अनुकूल था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 7: कथन:** आर्य समाज ने राजस्थान में दलित शिक्षा और शुद्धि आंदोलन के साथ-साथ 'डी.ए.वी.' (DAV) स्कूलों की श्रृंखला स्थापित की।*

**निष्कर्ष 1:** आर्य समाज की शैक्षणिक संस्थाओं ने युवाओं में केवल धार्मिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीयता और चरित्र निर्माण की भावना भी विकसित की।

**निष्कर्ष 2:** इन स्कूलों से निकले विद्यार्थियों ने कालांतर में प्रजामंडल आंदोलनों में सक्रिय नेतृत्व प्रदान किया।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 8:** आर्य समाज के प्रभाव के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) चाँदकरण शारदा - दलितोद्धार के क्षेत्र में अजमेर में कार्य।

B) शुद्धि आंदोलन - मेवात और मारवाड़ के क्षेत्रों में प्रभाव।

C) सत्यार्थ प्रकाश का प्रथम प्रकाशन - उदयपुर रियासत।

D) आर्य समाज की पहली शाखा - 1881 ई. में स्थापना।

**प्रश्न 9:** मेयो कॉलेज (अजमेर) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. इसकी स्थापना का विचार लॉर्ड मेयो ने 1870 के अजमेर दरबार में राजकुमारों की शिक्षा हेतु रखा था।
2. इसके निर्माण के लिए सर्वाधिक वित्तीय योगदान जयपुर और झालावाड़ रियासतों द्वारा दिया गया था।
3. मेयो कॉलेज के प्रथम छात्र अलवर के महाराजा मंगल सिंह थे और इसके प्रथम प्राचार्य सर ओलिवर सेंट जॉन थे।

**सही विकल्प** चुनें:

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3 तीनों सत्य हैं

**प्रश्न 10: कथन (A):** अंग्रेजों ने राजस्थान में पाश्चात्य शिक्षा का प्रसार मुख्य रूप से 'मानसिक गुलामी' और प्रशासनिक सुगमता हेतु वफादार वर्ग तैयार करने के लिए किया था।*

**कारण (R):** पाश्चात्य शिक्षा के माध्यम से ही राजस्थान के युवाओं का परिचय उदारवाद, लोकतंत्र और समानता के वैश्विक विचारों से हुआ।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 11: कथन:** राजस्थान में आधुनिक शिक्षा का सूत्रपात अजमेर से हुआ और धीरे-धीरे विभिन्न रियासतों ने भी अंग्रेजी स्कूलों की स्थापना की।*

wincompete

**निष्कर्ष 1:** 19वीं शताब्दी के मध्य तक राजस्थान की पारंपरिक पाठशालाओं और मकतबों का स्थान पूरी तरह अंग्रेजी स्कूलों ने ले लिया था।

**निष्कर्ष 2:** पाश्चात्य शिक्षा ने राजस्थान के रूढ़िवादी समाज में वैचारिक हलचल पैदा कर सामाजिक सुधारों का मार्ग प्रशस्त किया।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 12:** राजस्थान में आधुनिक शिक्षा के विकास से संबंधित युग्मों में से कौन सा **असंगत है**?*

A) जयपुर में शिक्षा विभाग की स्थापना - 1867 ई.

B) पुष्कर (अजमेर) में प्रथम कन्या विद्यालय - 1866 ई.

C) महाराजा कॉलेज (जयपुर) की स्थापना - 1844 ई.

D) अजमेर में प्रथम आधुनिक स्कूल (जैबज कैरी द्वारा) - 1836 ई.

**प्रश्न 13:** राजस्थान के प्रमुख समाचार पत्रों और उनके संपादकों के संदर्भ में विचार कीजिए:*

1. 'राजस्थान केसरी' का प्रकाशन वर्धा से विजय सिंह पथिक द्वारा किया गया था।
2. 'त्याग भूमि' समाचार पत्र का संपादन हरिभाऊ उपाध्याय ने अजमेर से किया था।
3. 'आगीबाण' राजस्थानी भाषा का प्रथम राजनीतिक समाचार पत्र था, जिसके संपादक जयनारायण व्यास थे।

**सही विकल्प** का चयन कीजिए:

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 14: कथन (A):** 1849 ई. में भरतपुर से प्रकाशित 'मजहरुल सरूर' को राजस्थान का प्रथम समाचार पत्र माना जाता है।*

**कारण (R):** यह द्विभाषी (हिंदी और उर्दू) पत्र था और यद्यपि यह सरकारी संरक्षण में था, इसने सूचनाओं के प्रसार की नींव रखी।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 15: कथन:** कानपुर से प्रकाशित 'प्रताप' समाचार पत्र ने बिजोलिया किसान आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।*

**निष्कर्ष 1:** राजस्थान के रियासती समाचार पत्रों पर लगे प्रतिबंधों के कारण बाहरी समाचार पत्रों ने जनजागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**निष्कर्ष 2:** 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी राजस्थान के किसान आंदोलनों के प्रबल समर्थक थे।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 16:** समाचार पत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) सज्जन कीर्ति सुधाकर (1876) - उदयपुर से प्रकाशित साप्ताहिक पत्र।

B) तरुण राजस्थान - जय नारायण व्यास द्वारा जोधपुर से प्रकाशित।

C) राजपूताना गजट (1885) - मौलवी मुराद अली 'बीमार' द्वारा अजमेर से प्रकाशित।

wincompete

D) रियासती - सुमनेश जोशी द्वारा जोधपुर से प्रकाशित पत्र।

**प्रश्न 17:** राजस्थान की महत्वपूर्ण संस्थाओं और उनके संस्थापकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. राजस्थान सेवा संघ की स्थापना 1919 में वर्धा में विजय सिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और हरिभाई किंकर द्वारा की गई।
2. गोविंद गिरी ने भील समाज में सुधार हेतु 1883 में सिरोही में 'संप सभा' की स्थापना की।
3. वर्धमान पाठशाला की स्थापना 1907 में अर्जुन लाल सेठी द्वारा क्रांतिकारियों को प्रशिक्षण देने हेतु की गई।

**सही विकल्प** चुनें:

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3 तीनों सत्य हैं

**प्रश्न 18: कथन (A):** गोविंद गिरी द्वारा स्थापित 'संप सभा' ने भील समाज में 'बेगार' प्रथा का विरोध किया और नैतिक उत्थान पर बल दिया।*

**कारण (R):** संप सभा का मुख्य उद्देश्य भीलों को संगठित कर एक स्वतंत्र 'भील राज्य' की स्थापना करना था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 19: कथन:** राजस्थान सेवा संघ ने बिजोलिया और बेगूँ जैसे किसान आंदोलनों को संगठित नेतृत्व और वैचारिक आधार प्रदान किया।*

**निष्कर्ष 1:** राजस्थान सेवा संघ का मुख्य उद्देश्य जागीरदारों और रियासती प्रशासन के दमनकारी चक्र के विरुद्ध जनता को निर्भीक बनाना था।

**निष्कर्ष 2:** 1928-29 के बाद आंतरिक मतभेदों के कारण इस संस्था का प्रभाव कम हो गया।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

**प्रश्न 20:** संस्थाओं और उनके स्थापना वर्ष के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) मारवाड़ हितकारिणी सभा (पुनर्गठन) - 1923 ई.

B) परोपकारिणी सभा - 1883 ई.

C) राजस्थान सेवा संघ (वर्धा में स्थापना) - 1920 ई.

D) संप सभा - 1883 ई.

**प्रश्न 21:** राजस्थान में ब्रिटिश प्रशासनिक ढांचे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. राजपूताना एजेंसी की स्थापना 1832 ई. में अजमेर में की गई थी।
2. राजस्थान के प्रथम ए.जी.जी. (Agent to the Governor General) मिस्टर लोकेट थे।
3. 1857 की क्रांति के समय जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस राजस्थान के ए.जी.जी. के पद पर कार्यरत थे।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य** है/हैं?

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 3

wincompete

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 22: कथन (A):** 1845 ई. में राजपूताना ए.जी.जी. का मुख्यालय माउंट आबू स्थानांतरित कर दिया गया था।*

**कारण (R):** अंग्रेज अधिकारी ग्रीष्मकाल की भीषण गर्मी से बचने के लिए ठंडे स्थानों पर प्रशासनिक केंद्र बनाना चाहते थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 23: कथन:** अंग्रेजों ने 'गोद निषेध नीति' (Doctrine of Lapse) के माध्यम से रियासतों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया।*

**निष्कर्ष 1:** इस हस्तक्षेप ने भरतपुर और अलवर जैसी रियासतों में ब्रिटिश विरोधी असंतोष को जन्म दिया।

**निष्कर्ष 2:** राजाओं की वास्तविक शक्तियाँ क्षीण होकर 'पॉलिटिकल एजेंटों' के हाथों में केंद्रित हो गई थीं।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 24:** राजस्थान की सैनिक छावनियों और उनसे संबंधित 'सैनिक टुकड़ियों' के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) नसीराबाद - 15वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री

B) एरिनपुरा - जोधपुर लीजियन

C) देवली - मेवाड़ भील कोर (MBC)

D) ब्यावर - मेरवाड़ा बटालियन

**प्रश्न 25:** नसीराबाद छावनी में हुए विद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. राजस्थान में क्रांति का विधिवत प्रारंभ 28 मई, 1857 को नसीराबाद छावनी से हुआ।
2. यहाँ के विद्रोहियों ने अंग्रेज अधिकारी मेजर स्पोटिसवुड और न्यूबेरी की हत्या कर दी थी।
3. नसीराबाद के विद्रोही सैनिक 18 जून, 1857 को दिल्ली के क्रांतिकारियों से जा मिले थे।

**सही विकल्प** का चयन कीजिए:

A) केवल 1 और 2

B) केवल 1 और 3

C) केवल 2 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 26: कथन (A):** नीमच छावनी से भागकर डूंगला गाँव में शरण लेने वाले 40 अंग्रेज अधिकारियों को सुरक्षित उदयपुर पहुँचाया गया।

**कारण (R):** नीमच में विद्रोह का नेतृत्व मोहम्मद अली बेग और हीरा सिंह ने किया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

wincompete

**प्रश्न 27: कथन:** एरिनपुरा छावनी के सैनिकों ने 'चलो दिल्ली, मारो फिरंगी' का नारा देते हुए विद्रोह किया।

**निष्कर्ष 1:** इन सैनिकों का नेतृत्व मुख्य रूप से शीतल प्रसाद, मोती खान और तिलक राम द्वारा किया गया था।

**निष्कर्ष 2:** एरिनपुरा के सैनिकों ने नसीराबाद के सैनिकों के साथ मिलकर आऊवा में अंग्रेजों को पराजित किया।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 28:** 1857 की क्रांति के प्रमुख केंद्रों और विद्रोह की तिथियों के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) नसीराबाद - 28 मई, 1857

B) नीमच - 3 जून, 1857

C) एरिनपुरा - 21 अगस्त, 1857

D) कोटा - 15 अक्टूबर, 1858

**प्रश्न 29: आऊवा के संघर्ष के संदर्भ में विचार करें:***

1. 18 अगस्त, 1857 को बिथौड़ा के युद्ध में कुशाल सिंह ने राजकीय सेना को हराया।
2. चेलावास के युद्ध में ए.जी.जी. पैट्रिक लॉरेंस की सेना पराजित हुई।
3. मैक मोसन की हत्या कर उसका सिर आऊवा किले पर लटकाया गया।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) केवल 1 और 2

**प्रश्न 30: कथन (A):** ठाकुर कुशाल सिंह चम्पावत को सुगाली माता की प्रतिमा से आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त होती थी।*

**कारण (R):** अंग्रेज सेनापति होम्स ने आऊवा विजय के बाद सुगाली माता की प्रतिमा को नष्ट कर दिया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 31: कथन:** ठाकुर कुशाल सिंह ने 1860 ई. में नीमच में अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।*

**निष्कर्ष 1:** उन पर चलाए गए अभियोगों की जांच हेतु 'मेजर टेलर कमीशन' का गठन किया गया था।

**निष्कर्ष 2:** टेलर कमीशन ने कुशाल सिंह को राजद्रोह और हत्या का दोषी मानकर कारावास की सजा सुनाई थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

प्रश्न 32: आऊवा संघर्ष से संबंधित निम्नलिखित ऐतिहासिक युद्धों और उनके परिणामों में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) बिथौड़ा युद्ध - किलेदार ओनार सिंह की मृत्यु।

B) चेलावास युद्ध - पैट्रिक लॉरेंस की निर्णायक विजय।

C) आऊवा घेराबंदी (1858) - कर्नल होम्स का अधिकार।

D) चेलावास युद्ध - मैक मोसन का सिर काटा जाना।

**प्रश्न 33: कोटा जन-विद्रोह के संदर्भ में सत्य कथन चुनें:***

1. विद्रोह का नेतृत्व लाला जयदयाल और मेहराब खान ने किया।
2. क्रांतिकारियों ने मेजर बर्टन और उसके पुत्रों की हत्या की।
3. महाराव रामसिंह द्वितीय को क्रांतिकारियों ने एक वर्ष तक नजरबंद रखा।

wincompete

A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) 1, 2 और 3
D) केवल 1 और 3

**प्रश्न 34: कथन (A):** कोटा विद्रोह के दमन के पश्चात महाराव रामसिंह द्वितीय की 'तोपों की सलामी' की संख्या घटा दी गई थी।*

**कारण (R):** करौली के महाराजा मदनपाल ने अपनी सेना भेजकर कोटा महाराव को क्रांतिकारियों से मुक्त कराया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 35: कथन:** कोटा का विद्रोह राजस्थान में 1857 के संग्राम की सबसे सुनियोजित 'जन-क्रांति' थी।*

**निष्कर्ष 1:** कोटा में विद्रोह का कारण वहां किसी ब्रिटिश सैनिक छावनी का न होना था।

**निष्कर्ष 2:** यहाँ की स्थानीय सेना और आम जनता ने मिलकर ब्रिटिश सत्ता को सीधी चुनौती दी थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

प्रश्न 36: कोटा विद्रोह के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) विद्रोह की शुरुआत - 15 अगस्त, 1857

B) दमनकारी अंग्रेज अधिकारी - जनरल रॉबर्ट्स

C) सहायक रियासत - करौली (महाराजा मदनपाल)

D) क्रांतिकारी नेता - मेहराब खान

**प्रश्न 37: तात्या टोपे के राजस्थान अभियान के संदर्भ में सही विकल्प चुनें:***

1. तात्या टोपे ने 'कुवाड़ा' युद्ध में जनरल रॉबर्ट्स को पराजित किया।
2. तात्या टोपे ने झालावाड़ के महाराजा पृथ्वी सिंह को बंदी बनाया।
3. मानसिंह नरुका के विश्वासघात से तात्या टोपे पकड़े गए।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 2
C) केवल 2 और 3
D) केवल 1 और 3

**प्रश्न 38: कथन (A):** राजस्थान में 1857 की क्रांति विफल रही।

**कारण (R):** राजस्थान के अधिकांश शासकों ने अपनी सेनाएं अंग्रेजों की सहायता हेतु राज्य से बाहर भी भेजी थीं।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 39: अमरचंद बांठिया के संदर्भ में निष्कर्ष देखें:***

**निष्कर्ष 1:** वे 1857 की क्रांति में राजस्थान से शहीद होने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

**निष्कर्ष 2:** उन्होंने अपनी संपत्ति नाना साहब को दान में दी थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई निष्कर्ष नहीं निकलता।

wincompete

**प्रश्न 40:** 1857 की क्रांति के दौरान विभिन्न रियासतों की भूमिका के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) बीकानेर - महाराजा सरदार सिंह ने राज्य से बाहर जाकर अंग्रेजों की सहायता की।

B) टोंक - नवाब वजीर-उद-दौला के मामा मीर आलम खान ने क्रांतिकारियों का साथ दिया।

C) धौलपुर - विद्रोह को दबाने के लिए पटियाला से सेना बुलानी पड़ी।

D) झालावाड़ - महाराजा पृथ्वी सिंह ने तात्या टोपे को स्वेच्छा से अपना राज्य सौंप दिया।

**प्रश्न 41: 'राजपूताना मध्य भारत सभा' के बारे में सत्य कथन है:***

1. स्थापना दिसंबर 1918 में दिल्ली में हुई।
2. सेठ जमनालाल बजाज इसके प्रथम अध्यक्ष थे।
3. इसका मुख्यालय शुरुआत में जयपुर में बनाया गया।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 2
D) केवल 1 और 3

**प्रश्न 42: कथन (A):** राजस्थान सेवा संघ का मुख्यालय 1920 में अजमेर स्थानांतरित किया गया।*

**कारण (R):** वर्धा में पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 43: कथन:** राजपूताना मध्य भारत सभा ने नागपुर अधिवेशन (1920) के समय कांग्रेस की सहयोगी संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त की।*

**निष्कर्ष 1:** इस संस्था ने पहली बार रियासती जनता की स्थानीय समस्याओं और किसानों के दुखों को राष्ट्रीय कांग्रेस के मंच तक पहुँचाया।

**निष्कर्ष 2:** इस संस्था के प्रभाव से राजस्थान की सभी रियासतों में 1921 तक उत्तरदायी शासन की स्थापना हो गई थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 44:** समाचार पत्रों के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत है?***

A) राजस्थान सेवा संघ - वर्धा (1919)

B) राजपूताना देशी राज्य लोक परिषद का प्रथम अधिवेशन - जयपुर (1931)

C) अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद - बम्बई (1927)

D) राजपूताना मध्य भारत सभा - दिल्ली (1918)

**प्रश्न 45: राजस्थान की राजनीतिक पत्रकारिता के संदर्भ में सत्य है:***

1. 'राजस्थान केसरी' का संपादन वर्धा से हुआ।
2. 'नवीन राजस्थान' समाचार पत्र बूँदी से प्रकाशित होता था।
3. 'आगीबाण' राजस्थानी भाषा का प्रथम राजनीतिक पत्र था।

A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) 1, 2 और 3
D) केवल 1 और 2

wincompete

**प्रश्न 46: कथन (A):** विजय सिंह पथिक ने 'नवीन राजस्थान' का नाम बदलकर 'तरुण राजस्थान' किया।*

**कारण (R):** राजस्थान सेवा संघ में आपसी मतभेद के कारण पत्र का विभाजन हो गया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 47: कथन:** जयनारायण व्यास ने ग्रामीण जनता तक राजनीतिक संदेश पहुँचाने के लिए मातृभाषा (राजस्थानी) में 'आगीबाण' का संपादन किया।

**निष्कर्ष 1:** व्यास जी मारवाड़ में प्रचलित जागीरदारी प्रथा और 'लाग-बाग' के विरुद्ध ग्रामीण अंचलों में चेतना जागृत करना चाहते थे।

**निष्कर्ष 2:** 'आगीबाण' के प्रकाशन के बाद मारवाड़ रियासत ने अपनी सभी दमनकारी नीतियां तुरंत वापस ले ली थीं।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 48:** समाचार पत्रों और उनके संपादकों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) त्याग भूमि - हरिभाऊ उपाध्याय

B) तरुण राजस्थान - जय नारायण व्यास

C) राजस्थान केसरी - रामनारायण चौधरी (सह-संपादक)

D) प्रताप (कानपुर) - विजय सिंह पथिक

**प्रश्न 49: केसरी सिंह बारहट के संदर्भ में विचार करें:**

1. उन्होंने महाराणा फतेह सिंह के लिए 13 सोरठे लिखे।
2. ये सोरठे मेवाड़ी भाषा में लिखे गए थे।
3. महाराणा दिल्ली दरबार में शामिल नहीं हुए।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 3
C) केवल 2 और 3
D) केवल 1 और 2

**प्रश्न 50: कथन (A):** सूर्यमल्ल मीसण को राष्ट्रीय चेतना का प्रथम कवि माना जाता है।*

**कारण (R):** वे बीकानेर महाराजा गंगा सिंह के दरबारी कवि थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 51: कथन:** राजस्थानी साहित्य ने 20वीं सदी में 'राज-प्रशस्ति' के स्थान पर 'लोक-जागृति' और 'स्वतंत्रता' का मार्ग अपनाया।

**निष्कर्ष 1:** साहित्यकारों ने पारंपरिक डिंगल और पिंगल शैलियों का प्रयोग राष्ट्रीयता की भावना को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने हेतु किया।

**निष्कर्ष 2:** राष्ट्रवादी साहित्य के कारण राजस्थान की जनता ने बिना किसी संगठन के ही स्वाधीनता प्राप्त कर ली थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

wincompete

**प्रश्न 52:** साहित्यकारों और उनकी कृतियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) सागर मल गोपा - जैसलमेर का गुंडाराज

B) अर्जुन लाल सेठी - स्त्री मुक्ति और शूद्र मुक्ति

C) जयनारायण व्यास - पोपां बाई री पोल

D) केसरी सिंह बारहट - प्रलय प्रतीक्षा नमो नमः

**प्रश्न 53: महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के संदर्भ में सत्य चुनें:***

1. अंजना देवी चौधरी राजस्थान में गिरफ्तार होने वाली प्रथम महिला थीं।
2. नारायणी देवी वर्मा ने 1942 में जोधपुर जेल में सजा काटी।
3. किशोरी देवी के नेतृत्व में कटराथल (सीकर) सम्मेलन हुआ।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 3
C) केवल 2 और 3
D) केवल 1 और 2

**प्रश्न 54: कथन (A):** काली बाई रास्तापाल कांड में शहीद हुईं।

**कारण (R):** वह अपने पिता को पुलिस की चंगुल से छुड़ाना चाहती थीं।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 55: कथन:** 1934 में कटराथल (सीकर) में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन ने शेखावाटी के जागीरदारों को अपनी दमनकारी नीतियों पर पुनर्विचार हेतु विवश किया।*

**निष्कर्ष 1:** राजस्थान की ग्रामीण महिलाएं भी सामंती अत्याचारों और मान-मर्यादा के प्रश्नों पर संगठित होकर संघर्ष करने के लिए तैयार थीं।

**निष्कर्ष 2:** इस सम्मेलन के बाद राजस्थान से पर्दा प्रथा पूरी तरह समाप्त हो गई थी।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 56: महिला स्वतंत्रता सेनानियों के संदर्भ में कौन सा विकल्प असंगत है?**

A) रतन शास्त्री - वनस्थली विद्यापीठ

B) शांता त्रिवेदी - महिला परिषद (उदयपुर)

C) सत्यभामा - ब्यावर (अजमेर)

D) रमा देवी - मारवाड़ प्रजामंडल

**प्रश्न 57: 'हरिपुरा अधिवेशन' (1938) के प्रभाव के संदर्भ में विचार करें:**

1. अध्यक्षता सुभाष चंद्र बोस ने की।
2. कांग्रेस ने रियासती आंदोलनों को अपनी प्रत्यक्ष जिम्मेदारी घोषित किया।
3. इसके बाद मेवाड़ और जयपुर में प्रजामंडल स्थापित हुए।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 2
C) केवल 1 और 3
D) केवल 2 और 3

**प्रश्न 58: कथन (A):** AISPC के 1945 के उदयपुर अधिवेशन की अध्यक्षता नेहरू जी ने की।*

**कारण (R):** उदयपुर राजस्थान का सबसे बड़ा प्रजामंडल केंद्र था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

wincompete

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 59: कथन:** राजस्थान के नेतृत्व ने अनुभव किया कि किसानों की समस्याओं का स्थाई समाधान 'उत्तरदायी शासन' की स्थापना में ही निहित है।

**निष्कर्ष 1:** इसके परिणाम स्वरूप 1927 के बाद राजस्थान में किसान आंदोलनों का स्थान धीरे-धीरे प्रजामंडल आंदोलनों ने ले लिया।

**निष्कर्ष 2:** प्रजामंडल आंदोलन केवल ब्रिटिश भारत को स्वतंत्र कराने के लिए संचालित किए गए थे।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 60: प्रजामंडल आंदोलन के संदर्भ में कौन सा असंगत है?***

A) AISPC की स्थापना - 1927

B) राजपूताना देशी राज्य लोक परिषद प्रथम अधिवेशन - 1931

C) जवाहरलाल नेहरू AISPC के अध्यक्ष बने - 1945

D) कांग्रेस हरिपुरा अधिवेशन - 1938

**प्रश्न 61: बिजोलिया आंदोलन के संदर्भ में सत्य कथन चुनें:***

1. प्रथम चरण का नेतृत्व साधु सीताराम दास ने किया।
2. द्वितीय चरण में विजय सिंह पथिक ने 'ऊपरमाल पंच बोर्ड' बनाया।
3. तृतीय चरण में आंदोलन हिंसक हो गया था।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 2
C) केवल 1 और 3
D) केवल 2 और 3

**प्रश्न 62: कथन (A):** पथिक जी ने बिजोलिया हेतु 'प्रताप' समाचार पत्र का प्रयोग किया।*

**कारण (R):** 'प्रताप' समाचार पत्र का प्रकाशन अजमेर से होता था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 63: बिजोलिया आंदोलन के संदर्भ में निष्कर्ष देखें:***

**निष्कर्ष 1:** यह राजस्थान का सबसे लंबा चलने वाला आंदोलन था।

**निष्कर्ष 2:** 1941 के समझौते के समय मेवाड़ के प्रधानमंत्री सर मिर्जा इस्माइल थे।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई निष्कर्ष नहीं निकलता।

**प्रश्न 64:** बिजोलिया किसान आंदोलन से संबंधित प्रमुख करों और घटनाओं के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) चंवरी कर - राव कृष्ण सिंह (1903)

B) तलवार बंधाई कर - राव पृथ्वी सिंह (1906)

C) बिन्दुलाल भट्टाचार्य आयोग - मेवाड़ सरकार (1919)

D) ऊपरमाल पंच बोर्ड के प्रथम सरपंच - साधु सीताराम दास

wincompete

**प्रश्न 65: बेगूँ किसान आंदोलन के संदर्भ में सत्य चुनें:***

1. श्रीगणेश 1921 में मेनाल से हुआ।
2. नेतृत्व रामनारायण चौधरी ने किया।
3. 'बोल्शेविक समझौता' बेगूँ के ठाकुर और महाराणा मेवाड़ के बीच हुआ।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 2
C) केवल 1 और 3
D) केवल 2 और 3

**प्रश्न 66: कथन (A):** बेगूँ समझौते को 'बोल्शेविक समझौते' की संज्ञा दी गई।*

**कारण (R):** रूस के प्रभाव में यहाँ के किसानों ने हथियार उठा लिए थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 67: बूंदी के बरड़ आंदोलन के संदर्भ में निष्कर्ष देखें:***

**निष्कर्ष 1:** डाबी हत्याकांड में नानक जी भील शहीद हुए।

**निष्कर्ष 2:** नानक जी भील 'माणिक्य लाल वर्मा' के साथ झंडा गीत गा रहे थे।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई निष्कर्ष नहीं निकलता।

**प्रश्न 68:** बेगूँ और बूंदी किसान आंदोलनों से संबंधित प्रमुख व्यक्तियों और घटनाओं में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) ट्रेंच कमीशन - बेगूँ किसान आंदोलन

B) रूपाजी और कृपाजी धाकड़ - गोविंदपुरा हत्याकांड

C) पंडित नयनूराम शर्मा - बरड़ किसान आंदोलन

D) इकराम हुसैन (पुलिस अधीक्षक) - बेगूँ किसान आंदोलन

**प्रश्न 69: अलवर किसान आंदोलन के संदर्भ में सत्य है:***

1. नीमूचणा कांड 14 मई, 1925 को हुआ।
2. छाजू सिंह को 'राजस्थान का जनरल डायर' कहते हैं।
3. गांधी जी ने इसे 'जलियांवाला बाग' से कम वीभत्स बताया।

A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) 1, 2 और 3
D) केवल 1 और 3

**प्रश्न 70: कथन (A):** महात्मा गांधी ने 'यंग इंडिया' समाचार पत्र में नीमूचणा कांड को 'डायरवाद का दोहरा संस्करण' (Double Distilled Dyerism) कहा।*

**कारण (R):** नीमूचणा हत्याकांड में मरने वाले किसानों की संख्या जलियांवाला बाग हत्याकांड से कहीं अधिक थी।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 71: शेखावाटी आंदोलन के संदर्भ में निष्कर्ष देखें:**

**निष्कर्ष 1:** कुडन हत्याकांड की चर्चा ब्रिटिश पार्लियामेंट में हुई।

wincompete

**निष्कर्ष 2:** यह आंदोलन मुख्य रूप से राजपूत किसानों द्वारा संचालित था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 72: अलवर/शेखावाटी आंदोलन में कौन सा असंगत है?***

A) कटराथल सम्मेलन - 1934

B) राजस्थान जाट क्षेत्रीय महासभा - 1931

C) महाराजा जयसिंह द्वारा लगान वृद्धि - 1924

D) नीमूचणा कांड की जाँच हेतु गठित आयोग - ट्रेंच कमीशन

**प्रश्न 73: गोविंद गिरी के संदर्भ में विचार करें:***

1. संप सभा की स्थापना 1883 में की।
2. मानगढ़ हत्याकांड 1913 में हुआ।
3. मानगढ़ पहाड़ी डूंगरपुर जिले में स्थित है।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 3
C) केवल 1 और 2
D) केवल 2 और 3

**प्रश्न 74: कथन (A):** मानगढ़ हत्याकांड को राजस्थान का जलियांवाला बाग कहते हैं।*

**कारण (R):** गोविंद गिरी ने अंग्रेजों के विरुद्ध सीधी सैन्य कार्रवाई की थी।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 75: कथन:** गोविंद गिरी दयानन्द सरस्वती के विचारों से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्होंने जनजातियों में 'स्वदेशी' का प्रचार किया।*

**निष्कर्ष 1:** भगत आंदोलन केवल एक धार्मिक आंदोलन था जिसका राजनीतिक चेतना से कोई संबंध नहीं था।

**निष्कर्ष 2:** मानगढ़ के बलिदान ने जनजातीय समाज में अपने अधिकारों के प्रति अभूतपूर्व जागृति पैदा की।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 76:** जनजाति आंदोलनों से संबंधित निम्नलिखित व्यक्तित्वों और स्थलों में कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) गोविंद गिरी का जन्म स्थल - बांसिया गाँव (डूंगरपुर)

B) गोविंद गिरी का अंतिम समय - कम्बोई (गुजरात)

C) पुँजा धीरजी - गोविंद गिरी के सहयोगी भील नेता

D) मानगढ़ पहाड़ी - डूंगरपुर रियासत

**प्रश्न 77: मोतीलाल तेजावत के एकी आंदोलन के संदर्भ में सत्य चुनें:***

1. शुरुआत 1921 में 'मातृकुण्डिया' से हुई।
2. नीमड़ा नरसंहार 1925 में हुआ।
3. 'मेवाड़ की पुकार' 21 सूत्री मांग पत्र था।

A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) 1, 2 और 3
D) केवल 1 और 2

**प्रश्न 78: कथन (A):** मोतीलाल तेजावत को आदिवासियों का मसीहा कहा जाता है।

wincompete

**कारण (R):** वे स्वयं भील जनजाति के मुखिया थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 79:** कथन: मोतीलाल तेजावत के 'एकी आंदोलन' का मुख्य नारा "न हाकिम, न हुकुम" था।*

**निष्कर्ष 1:** इस आंदोलन का उद्देश्य भील और गरासिया जनजातियों को सामंती और ब्रिटिश शोषण के विरुद्ध एक सूत्र में पिरोना था।

**निष्कर्ष 2:** नीमड़ा हत्याकांड के बाद मोतीलाल तेजावत ने तुरंत अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 80:** एकी आंदोलन और मोतीलाल तेजावत से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प असंगत है?*

A) मातृकुण्डिया - राजस्थान का हरिद्वार

B) मणिलाल कोठारी - गांधी जी के संदेशवाहक

C) तेजावत का आत्मसमर्पण - ईडर (गुजरात), 1929 ई.

D) तेजावत की रिहाई की शर्त - मेवाड़ में ही रहने और सक्रिय राजनीति छोड़ने की

**प्रश्न 81: जयपुर/मेवाड़ प्रजामंडल के संदर्भ में सत्य कथन:***

1. जयपुर प्रजामंडल का पुनर्गठन 1936 में हुआ।
2. मेवाड़ प्रजामंडल के प्रथम अध्यक्ष माणिक्य लाल वर्मा थे।
3. 'जेंटलमैन एग्रीमेंट' जयपुर में हुआ।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 3
C) केवल 1 और 2
D) केवल 2 और 3

**प्रश्न 82: कथन (A):** जयपुर प्रजामंडल 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से अलग रहा।*

**कारण (R):** हीरालाल शास्त्री और सर मिर्जा इस्माइल के बीच एक गुप्त समझौता हुआ था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 83: कथन:** मेवाड़ प्रजामंडल के 1941 के प्रथम अधिवेशन का उद्घाटन आचार्य जे.बी. कृपलानी ने किया था।*

**निष्कर्ष 1:** इस अधिवेशन में विजयलक्ष्मी पंडित की भागीदारी यह दर्शाती है कि मेवाड़ का आंदोलन अब राष्ट्रीय मुख्यधारा से पूरी तरह जुड़ चुका था।

**निष्कर्ष 2:** इस अधिवेशन के तुरंत बाद मेवाड़ महाराणा ने प्रजामंडल की सभी राजनीतिक मांगें स्वीकार कर ली थीं।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

wincompete

**प्रश्न 84: प्रजामंडल से संबंधित कौन सा असंगत है?***

A) आजाद मोर्चा - जयनारायण व्यास

B) कपूर चंद पाटनी - जयपुर प्रजामंडल (1931)

C) बलवंत सिंह मेहता - मेवाड़ प्रजामंडल अध्यक्ष

D) सर मिर्जा इस्माइल - जयपुर प्रधानमंत्री

**प्रश्न 85:** मारवाड़ और बीकानेर प्रजामंडल के संघर्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:*

1. जयनारायण व्यास ने 'अखंड भारत' और 'आगीबाण' के माध्यम से मारवाड़ रियासत के कुशासन का पर्दाफाश किया।
2. बालमुकुंद बिस्सा 1942 के आंदोलन के दौरान जोधपुर जेल में भूख हड़ताल करते हुए शहीद हुए थे।
3. बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना 1936 में रियासत के भीतर ही मघाराम वैद्य द्वारा की गई थी।

**सही विकल्प** का चयन कीजिए:

A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3

C) केवल 1 और 3

D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 86: कथन (A):** बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना कलकत्ता में हुई।

**कारण (R):** बीकानेर के महाराजा प्रजामंडल के वित्त-पोषक थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 87: कथन:** कोटा प्रजामंडल के 1942 के विद्रोह के दौरान लगभग तीन दिनों तक शहर का प्रशासन जनता के हाथों में रहा था।*

**निष्कर्ष 1:** कोटा के क्रांतिकारी आंदोलन में पंडित नयनूराम शर्मा की मृत्यु के बाद अभिन्न हरि ने नेतृत्व संभाला था।

**निष्कर्ष 2:** कोटा प्रजामंडल का मुख्य उद्देश्य केवल शैक्षणिक सुधार करना था, राजनीतिक अधिकारों से इसका कोई सरोकार नहीं था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 88: प्रजामंडल नेतृत्व में कौन सा असंगत है?***

A) मारवाड़ प्रजामंडल के प्रथम अध्यक्ष - जयनारायण व्यास

B) राजस्थान का जतिन दास - बालमुकुंद बिस्सा

C) बीकानेर षड्यंत्र केस - स्वामी गोपाल दास

D) हाड़ौती प्रजामंडल - पंडित नयनूराम शर्मा

**प्रश्न 89: जैसलमेर/अलवर आंदोलन के संदर्भ में सत्य है:***

1. सागर मल गोपा को 'जैसलमेर का गुंडाराज' हेतु जेल में यातनाएं दी गईं।
2. जैसलमेर प्रजामंडल की स्थापना बीकानेर में हुई।
3. हरिनारायण शर्मा ने अलवर में दलित उत्थान का कार्य किया।

A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) 1, 2 और 3
D) केवल 1 और 2

wincompete

**प्रश्न 90: कथन (A):** भरतपुर प्रजामंडल की स्थापना 1938 ई. में रियासत से बाहर 'रेवाड़ी' (हरियाणा) में की गई थी।

**कारण (R):** भरतपुर के महाराजा प्रजामंडल की गतिविधियों के प्रति सकारात्मक थे और उन्होंने स्वयं रेवाड़ी में स्थान उपलब्ध कराया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 91: कथन:** धौलपुर प्रजामंडल के इतिहास में 11 अप्रैल, 1947 को घटित 'तसीमो कांड' एक महत्वपूर्ण घटना है।

**निष्कर्ष 1:** इस कांड में तिरंगे झंडे की रक्षा करते हुए पंचम सिंह और छत्तर सिंह शहीद हुए थे।

**निष्कर्ष 2:** तसीमो कांड के बाद धौलपुर रियासत का तत्काल उत्तर प्रदेश में विलय कर दिया गया था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 92: रियासती व्यक्तित्वों के संदर्भ में कौन सा विकल्प असंगत है?***

A) राजस्थान का नेहरू - युगल किशोर चतुर्वेदी

B) सागर मल गोपा की शहादत - 15 अगस्त, 1947

C) गोपाल स्वरूप पाठक आयोग - गोपा हत्याकांड जाँच

D) राजस्थान का अंडमान - जैसलमेर रियासत

**प्रश्न 93: एकीकरण के संदर्भ में सत्य कथन चुनें:***

1. मत्स्य संघ का उद्घाटन 18 मार्च, 1948 को हुआ।
2. राजधानी अलवर बनाई गई।
3. मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री गोकुल लाल असावा थे।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 2
C) केवल 1 और 3

D) 2 और 3 तीनों सत्य हैं

**प्रश्न 94: कथन (A):** महारावल चंद्रवीर सिंह ने कहा- "मैं अपने डेथ वारंट पर हस्ताक्षर कर रहा हूँ।"*

**कारण (R):** वे एकीकरण की प्रक्रिया के प्रबल समर्थक थे।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 95: 'राजस्थान दिवस' के संदर्भ में निष्कर्ष देखें:***

**निष्कर्ष 1:** यह प्रतिवर्ष 30 मार्च को मनाया जाता है।

**निष्कर्ष 2:** इस दिन राजस्थान का पूर्ण एकीकरण (सात चरण) संपन्न हुआ था।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

wincompete

**प्रश्न 96:** एकीकरण के चरणों और उनके प्रमुख पदाधिकारियों के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) मत्स्य संघ के राजप्रमुख - उदयभान सिंह (धौलपुर)।

B) पूर्व राजस्थान के प्रधानमंत्री - गोकुल लाल असावा।

C) वृहद् राजस्थान के राजप्रमुख - सवाई मानसिंह द्वितीय।

D) संयुक्त राजस्थान के प्रधानमंत्री - शोभाराम कुमावत।

**प्रश्न 97: एकीकरण के अंतिम चरणों के संदर्भ में सत्य है:***

1. मत्स्य संघ का वृहद् राजस्थान में विलय डॉ. शंकरराव देव समिति की सिफारिश पर हुआ।
2. राजस्थान को भारतीय संविधान में 'A' श्रेणी का राज्य माना गया।
3. अजमेर का विलय 1 नवंबर, 1956 को हुआ।

A) 1, 2 और 3
B) केवल 1 और 3
C) केवल 2 और 3
D) केवल 1 और 2

**प्रश्न 98: कथन (A):** 1 नवंबर, 1956 को 'राज्यपाल' का पद सृजित किया गया।*

**कारण (R):** सवाई मानसिंह द्वितीय ने राजनीति से संन्यास ले लिया था।

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

C) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**प्रश्न 99: कथन:** राजस्थान के एकीकरण की प्रक्रिया में कुल 8 वर्ष, 7 माह और 14 दिन का समय लगा था।*

**निष्कर्ष 1:** एकीकरण के अंतिम चरण में सिरोंज क्षेत्र मध्य प्रदेश को दिया गया और सुनेल टप्पा राजस्थान में मिलाया गया।

**निष्कर्ष 2:** अजमेर के राजस्थान में विलय के समय वहां के मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री थे।

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**प्रश्न 100:** एकीकरण के भौगोलिक परिवर्तनों और समितियों के संदर्भ में कौन सा विकल्प **असंगत** है?*

A) सुनेल टप्पा - मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से राजस्थान के झालावाड़ में विलय।

B) पी. सत्यनारायण राव समिति - जयपुर को राजधानी बनाने की सिफारिश।

C) धारा सभा - अजमेर-मेरवाड़ा की पृथक विधानसभा (30 सदस्य)।

D) प्रथम राज्यपाल - सवाई मानसिंह द्वितीय।

wincompete